80वां
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

## मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, एनसीसी-एनएसएस कैडेटों ने प्रस्तुत की शानदार परेड

जयसिंहपुर ( अतुल जसवाल ) राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नजर आया।

सवसमाती कैववपव पविव। कैंडेट कैप्टन दीक्षंत धीमान ने मुख्य कमांडर के रूप में किया नेतुत्व एनसीसी क्विवत परिसी विविलरा पसम्र वो सो मर्गाव्वुवर महाविद्यालयतीनीस्सरं से मिशाः वित्त की भावनाधान ओत-प्रोत नजर आया।

मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. राजेश खारवाल ने संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह के दौरान देशभक्ति का उत्साह देखते ही बनता था। पूरा महाविद्यालय परिसर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से गूंज उठा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुत किए। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा एकल गीत एवं समूह गीत की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और उत्साह से भर दिया।

### विशेष अतिथियों ने दिया प्रेरणादायक संदेश

विशेष अतिथि डॉ. जितेंद्र ठाकुर एवं विनिता शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

### शिक्षकगण रहे उपस्थित

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण प्रो. प्रमोद, डॉ. सुमन शर्मा, डॉ. सपना राणा, डॉ. दित्या शर्मा, प्रो. वंदना कुमारी, प्रो. निर्मला देवी, प्रो. उमा शर्मा, डॉ. राजीव भंडारी, प्रो. अरविंद कुमार (वनस्पति विज्ञान), प्रो. राजीव ठाकुर, प्रो. अरविंद पुरी, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. शशि शर्मा, प्रो. रोहित, प्रो. राजेश खारवाल, प्रो. मितुल, प्रो. साहिल, प्रो. आशु महाजन, प्रो. रूबी, प्रो. आरती, प्रो. अंजू राणा, प्रो. वनीता भूरिया तथा प्रो. नीना सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।













